# पंजाब सरकार ने सभी विद्यालयों में पंजाबी को अनिवार्य विषय बनाया

## सभी शिक्षा बोर्डों पर लागू होगा आदेश, नई शिक्षा नीति लेकर आएगी सरकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 फरवरी।

पंजाब सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने राज्य भर के सभी स्कूलों में पंजाबी को अनिवार्य विषय बना दिया है, चाहे वे किसी भी शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हों।

इसके साथ ही सरकार ने जोर दिया कि पंजाबी को मुख्य विषय के रूप में शामिल किए बिना शैक्षिक प्रमाणपत्रों को अमान्य माना जाएगा। यह कदम तब उठाया गया जब पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने केंद्र सरकार और सीबीएसई पर निशाना साधते हुए उन पर 10वीं कक्षा के लिए विषयों की सूची से पंजाबी को हटाने का आरोप लगाया और इसे पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत के खिलाफ 'सुनियोजित साजिश' करार दिया। साथ ही मंत्री ने कहा कि उनके विभाग ने एक नई अधिसूचना जारी की है, जिसमें कहा गया है कि राज्य में 10वीं कक्षा में पंजाबी मुख्य विषय होगा और यदि किसी स्कूल में पंजाबी मुख्य विषय नहीं है, तो प्रमाण पत्र को अमान्य माना जाएगा।

*राज्य* में 10वीं कक्षा में पंजाबी मुख्य विषय होगा और यदि किसी स्कूल में पंजाबी मुख्य विषय नहीं है, तो प्रमाण पत्र को अमान्य माना जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसे राज्य के सभी शिक्षा बोर्डों पर लागू किया जाएगा और पंजाब सरकार नयी शिक्षा नीति लेकर आएगी। बैंस ने सीबीएसई की आलोचना करते हुए कहा कि उसने कथित रूप से पंजाबी को विषयों की सूची से हटा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। सीबीएसई के मसविदा नियम में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी 10वीं कक्षा के मुख्य विषय हैं। बैंस ने कहा कि क्षेत्रीय और विदेशी भाषाएं एक समूह में हैं, जबकि बाकी विषय दूसरे समूह में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि पंजाबी मुख्य विषय नहीं है। बैंस ने कहा कि पंजाबी हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में बोली जाती है। इतनी महत्त्वपूर्ण भाषा की महान संस्कृति और इतिहास है और वे इसे भूल जाते हैं। बैंस ने इस मुद्दे को लिपिकीय गलती करार देने के लिए भाजपा की पंजाब इकाई पर निशाना साधा।

# भारत ने सेशेल्स तटरक्षक बल को उपहार में दिया तेज गश्ती पोत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 फरवरी।

भारत ने एक तेज गश्ती पोत सेशेल्स सरकार को उपहार में दिया है, जिसे 'पीबी बौडेयूज' के नाम से मंगलवार को आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान सेशेल्स तटरक्षक बल में शामिल कर लिया गया। इसके अलावा भारत ने सेशेल्स रक्षा बलों को 2.31 करोड़ रुपए मूल्य के उपकरण भी निशुल्क प्रदान किए हैं।

इस अवसर पर सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति वेवल रामकलावन, उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री, आंतरिक मंत्री और वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के अलावा भारत के उच्चायुक्त कार्तिक पांडे और भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह में उच्चायुक्त पांडे ने कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में वृद्धि के साथ दीर्घकालिक आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों में मजबूती आ रही है जो निकट भविष्य में और मजबूत होगी।

### युद्धपोत तमाल नौसेना के बेड़े में शामिल

*आधुनिक* युद्धपोत तमाल जल्द ही भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाला है। इस विदेशी युद्धपोत के स्वदेश पहुंचने के बाद भारत के बेड़े में सिर्फ स्वदेशी युद्धपोतों को ही जगह मिलेगी। देश में करीब 60 युद्धपोत स्वदेशी तकनीक से बनाए जा रहे हैं। लेकिन अंतिम विदेशी पोत को भारत लाने से पहले नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी तमाल की कार्यक्षमता, मजबूती, अग्नि और अन्य जरूरी जांच करने के लिए रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद पहुंचे हुए हैं। सेना सूत्रों के मुताबिक तमाल, क्रिवाक तृतीय श्रेणी का युद्धपोत है। यह स्टील्थ तकनीक और ब्रह्मोस मिसाइल से लैस युद्धपोत है जिसे आइएनएस तुशील के साथ रूस में बनाया गया है। तुशील को पिछले साल दिसंबर में नौसेना में कमीशन किया गया था, जो 1500 समुद्री मील की यात्रा के बाद 14 फरवरी को कारवार स्थित अपने ठिकाने पर पहुंच गया है।

# हरियाणा में 27 एचसीएस अधिकारी बनेंगे आइएएस

चंडीगढ़, 26 फरवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारियों की वृद्धि होने जा रही है। प्रदेश के 27 हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) अधिकारियों को जल्द ही आइएएस के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता वाली समिति ने 2002 से लेकर 2004 बैच के एचसीएस अधिकारियों को पदोन्नत करने के संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब सरकार की ओर से मामला संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के पास भेजा जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2002 बैच के एचसीएस अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर प्रस्ताव पहले भी भेजा गया था जिस समय सरकार ने प्रस्ताव भेजा उस समय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एचसीएस भर्तियों में हरियाणा लोक सेवा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष, सदस्यों व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने चयनित उम्मीदवारों को भी पार्टी बना लिया जिसके चलते यूपीएससी ने इस संबंध में कोई फैसला नहीं लिया।

# उत्तराखंड : दो युवक अलकनंदा नदी में डूबे

देहरादून, 26 फरवरी (भाषा)।

उत्तराखंड के पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में बुधवार को दो युवक अलकनंदा नदी में डूब गए। दोनों युवक बिहार के मुजफ्फरपुर के निवासी थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर बाद करीब तीन बजे हुई इस घटना में दोनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीन युवक चौरास पुल के पास नदी में तैरने के लिए गए थे लेकिन वे डूबने लगे। इनमें से एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया लेकिन दो युवक डूब गए।

# किसान नेता डल्लेवाल की फिर बिगड़ी सेहत, अनशन जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 फरवरी।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून सहित किसानों की अन्य मांगों के समर्थन में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 93वें दिन भी खनौरी किसान मोर्चे पर जारी रहा। उनकी सेहत मंगलवार से लगातार बिगड़ रही है और बुधवार सुबह किसान नेता डल्लेवाल को तेज बुखार हो गया। उनकी सेहत पर चिकित्सकों का दल लगातार नजर रख रहा है।

डल्लेवाल की चिकित्सकीय परीक्षण रपट में कीटोन, किडनी और यूरिक एसिड सामान्य नहीं है। 22 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के साथ किसान संगठनों की बैठक में डल्लेवाल शामिल हुए, जिसमें एमएसपी गारंटी कानून सहित किसानों के तमाम मुद्दे उठाए गए थे।



*चंडीगढ़* में गुरुवार को एक बार फिर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की पहले बैठक होगी।

डल्लेवाल ने बैठक के बाद किसानों की मांगे पूरी होने तक अनशन खत्म नहीं करने की बात दोहराई थी।

एक साल से भी अधिक समय पर अपनी मांगों के समर्थन में संघर्षरत किसानों को केंद्र सरकार के साथ होने वाली अगली वार्ता में एमएसपी गारंटी कानून समेत उनकी समस्याओं के सुलझाए जाने की उम्मीद है।

**एकता के लिए आज होगी किसान संगठनों की बैठक** : अलग अलग किसान संगठनों में एकता के लिए गुरुवार को चंडीगढ़ में एक बार फिर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की पहले बैठक होगी। इसके बाद दोनों मोर्चों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के साथ एकता के लिए बैठक होगी। सभी संगठनों की तरफ से किसानों की मांगें उठाई जा रही हैं, लेकिन सभी की एकता के लिए इस बैठक को अहम माना जा रहा है।

**आठ मार्च को तीनों मोर्चों पर होंगी महिला पंचायत** : एक साल से अधिक वक्त से आंदोलनरत किसानों के समर्थन में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर खनौरी, शंभू और रतनपुरा किसान मोर्चों पर एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर महिला पंचायत आयोजित की जाएंगी।

# 'पर्यावरण मंजूरी के लिए मानक स्तर को बढ़ाने का कर रही सरकार'

नई दिल्ली, 26 फरवरी (भाषा)।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पर्यावरण मंजूरी के लिए आवश्यक मानक स्तर को बढ़ाने के प्रयास को लेकर बुधवार को केंद्र पर निशाना साधा और उम्मीद जताई कि अदालतें ऐसा नहीं होने देंगी।


पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्र.का. प्रचार एवं कॉर्पोरेट संचार विभाग
छीएफ फ्लोर, कॉर्पोरेट ऑफिस, एनबीसीसी टॉवर
ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023, ई-मेल: ho.pr@psb.co.in
जहाँ सेवा ही जीवन - ध्येय है

निविदा सूचना

अपनी जनसंपर्क सेवाओं को सक्रिय करने के लिए "बैंक में पीआर एजेंसी के चयन" हेतु प्रतिष्ठित पीआर एजेंसियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। आरएफपी के विवरण के लिए, बैंक की वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in पर निविदाएं देखें। उक्त निविदा से संबंधित कोई भी परिवर्तन केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

दिनांक: 27.02.2025 सहायक महाप्रबंधक (जन संपर्क)


# हमलावर बाघिन को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला

लखीमपुर खीरी, 26 फरवरी (भाषा)।

लखीमपुर खीरी जिले में दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बुधवार सुबह दो ग्रामीणों पर हमला करने वाली एक बाघिन को गांव वासियों ने लाठी-डंडों से पीट-पीट कर मार डाला। दुधवा बफर जोन के उप निदेशक सौरीश सहाय ने बताया कि टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पलिया तहसील स्थित फुलवरिया गांव में एक बाघिन ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया। इससे स्थानीय नागरिक नाराज हो गए।

शोर सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों की भीड़ ने बाघिन को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने बताया कि बाघिन के हमले में घायल ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जाती है। सहाय ने बताया कि सूचना पर वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे और मृत बाघिन को पलिया रेंज मुख्यालय ले गए। उन्होंने बताया कि बाघिन की हत्या के मामले में पलिया थाने में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सहाय ने बताया कि बाघिन की मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुसार पोस्टमार्टम किया गया है। विस्तृत जांच के लिए विसरा बरेली स्थित भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान में भेजा गया है।

### कार की टक्कर से बाघ की मौत

लखीमपुर खीरी जिले में किशनपुर वन अभयारण्य के जंगल में भीरा-पलिया राजमार्ग पर कार की टक्कर से बाघ की मौत हो गई। उसका शव सड़क से 50 मीटर दूर जंगल के अंदर मिला। वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लिया है। किशनपुर वन अभयारण्य में बुधवार सुबह करीब 10 बजे जंगल से निकलकर एक बाघ हाईवे पार कर कर रहा था। इसी दौरान वह तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया।

वन विभाग के रेंजर विनय कुमार ने बताया कि अभी पूरे मामले की जांच कर रहे है। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा बाघिन को मारने की जानकारी मिल रही है। बाघिन का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रहे हैं। आगे की जानकारी इसके बाद मिल सकेगी। उधर रेंज कार्यालय पर एफडी एच राजामोहन, डीडी डाक्टर रंगाराजू टी, एसडीओ पलिया पीयूष मोहन श्रीवास्तव समेत वन विभाग की पूरी टीम जमा है।

# स्वदेशी तंत्र वाले अलार्म से मिलेगी रासायनिक हमले की चेतावनी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 फरवरी।

भारतीय सेना ने रासायनिक, जैविक, रेडियोलाजिकल व परमाणु (सीबीआरएन) हमलों से बचाव के लिए स्वचालित रासायनिक तत्त्व पहचान तंत्र और अलार्म (एसीएडीए) लगाने की योजना बनाई है। इसके लिए सेना ने मेसर्स एलएंडटी लिमिटेड के साथ 80.43 करोड़ रुपए की लागत से 223 हाथ से चलने वाले उपकरण खरीदने के लिए करार किया है।

*सेना* ने खरीदे 223 रासायनिक तत्त्व पहचान तंत्र और अलार्म। *हवा* के नमूनों को लेकर विषाक्त पदार्थों का पता लगाएगा तंत्र। *भारतीय* सेना ने महत्त्वपूर्ण सीबीआरएन रक्षा उपकरण खरीदे।

एसीएडीए एक अत्याधुनिक तंत्र है जो हवा का नमूना लेकर रासायनिक युद्ध तत्वों का पता लगाता है। एसीएडीए के कंप्यूटर प्रोग्राम में सभी प्रकार के युद्धक व खतरनाक रसायनों के साथ विषाक्त औद्योगिक रसायनों को शामिल किया जा सकता है। यह 'आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री (आइएमएस)' के सिद्धांत पर काम करता है और इसमें हानिकारक या विषाक्त पदार्थों का निरंतर पता लगाने और एक साथ निगरानी के लिए दो अत्यधिक संवेदनशील आइएमएस सेल होते हैं। इसे खतरे का पता लगाने और संकेत देने के लिए तैयार किया गया है। इस तंत्र को विभिन्न सुविधा स्थलों पर तैनात करने के दौरान एक विशिष्ट हवाई जोखिम सीमा तय की जाती है और मानिटर को नियंत्रण स्तर के 20 फीसद पर सेट किया जाता है। जब तंत्र आमतौर पर उस स्थान के लिए प्रासंगिक नियंत्रण स्तर का 20 फीसद पार कर जाता है, तब अलार्म बज उठता है जिसकी अवधि करीब तीन से आठ मिनट तक होती है।


**SpiceJet Limited**
**Regd Office :** Indira Gandhi International Airport, Terminal 1D, New Delhi 110 037
CIN: L51909DL1984PLC288239
E-mail: investors@spicejet.com | Website: www.spicejet.com | Telephone: +91 124 391 3939 | Facsimile: +91 124 391 3888

**Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months period ended 31 December 2024**

(Rupees in millions)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Nine months period | | Year ended | Quarter ended | | | Nine months period | | Year ended |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | | 31-Dec-24 | 30-Sep-24 | 31-Dec-23 | 31-Dec-24 | 31-Dec-23 | 31-Mar-24 | 31-Dec-24 | 30-Sept-24 | 31-Dec-23 | 31-Dec-24 | 31-Dec-23 | 31-Mar-24 |
| 1 | Total revenue from operations | 12,310.7 | 9,110.4 | 19,035.7 | 38,376.2 | 53,306.0 | 70,499.7 | 12,370.4 | 9,148.5 | 19,145.0 | 38,601.3 | 53,469.2 | 70,853.1 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 249.7 | (4,417.3) | (3,014.6) | (2,668.0) | (5,284.4) | (4,094.4) | 202.7 | (4,582.6) | (2,987.8) | (2,798.1) | (5,505.9) | (4,237.2) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 249.7 | (4,417.3) | (3,014.6) | (2,668.0) | (5,284.4) | (4,094.4) | 202.7 | (4,582.6) | (2,987.8) | (2,798.1) | (5,505.9) | (4,237.2) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 249.7 | (4,417.3) | (3,014.6) | (2,668.0) | (5,284.4) | (4,094.4) | 202.7 | (4,582.6) | (2,987.8) | (2,798.1) | (5,505.9) | (4,237.2) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 262.7 | (4,475.4) | (2,999.1) | (2,708.3) | (5,238.2) | (4,042.4) | 214.3 | (4,635.5) | (2,972.4) | (2,835.0) | (5,457.9) | (4,183.8) |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] attributable to : | | | | | | | | | | | | |
| | - Owners of the holding company | - | - | - | - | - | - | 215.9 | (4,632.1) | (2,970.8) | (2,828.7) | (5,451.7) | (4,174.7) |
| | - Non-controlling interests | - | - | - | - | - | - | (1.7) | (3.4) | (1.6) | (6.3) | (6.2) | (9.1) |
| 7 | Equity share capital | 12,816.9 | 12,816.9 | 6,843.4 | 12,816.9 | 6,843.4 | 7,834.1 | 12,816.9 | 12,816.9 | 6,843.4 | 12,816.9 | 6,843.4 | 7,834.1 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the year ended March 31, 2024. | - | - | - | - | - | (33,692.5) | - | - | - | - | - | (60,007.4) |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (not annualized) | | | | | | | | | | | | |
| | a) Basic (Rs) | 0.19 | (5.21) | (4.41) | (2.74) | (8.29) | (6.17) | 0.16 | (5.41) | (4.37) | (2.87) | (8.64) | (6.39) |
| | b) Diluted (Rs) | 0.18 | (5.21) | (4.41) | (2.74) | (8.29) | (6.17) | 0.15 | (5.41) | (4.37) | (2.87) | (8.64) | (6.39) |

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months period ended 31 December 2024, filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months period ended 31 December 2024 are available on the Company's website www.spicejet.com and on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com.

For SpiceJet Limited
Sd/-
Ajay Singh
Chairman and Managing Director

Place: Gurugram, Haryana
Date: 25 February, 2025



**SpiceJet Limited**
**Regd Office :** Indira Gandhi International Airport, Terminal 1D, New Delhi 110 037
CIN: L51909DL1984PLC288239
E-mail: investors@spicejet.com | Website: www.spicejet.com | Telephone: +91 124 391 3939 | Facsimile: +91 124 391 3888

**Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and six months period ended 30 September 2024**

(Rupees in millions)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Six months period | | Year ended | Year ended | Quarter ended | | | Six months period | | Year ended |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| | | 30-Sep-24 | 30-Jun-24 | 30-Sep-23 | 30-Sep-24 | 30-Sep-23 | 31-Mar-24 | 31-Mar-23 | 30-Sep-24 | 30-Jun-24 | 30-Sep-23 | 30-Sep-24 | 30-Sep-23 | 31-Mar-24 |
| 1 | Total revenue from operations | 9,110.4 | 16,955.2 | 14,252.9 | 26,065.5 | 34,270.3 | 70,499.7 | 88,688.4 | 9,148.5 | 17,082.4 | 14,288.3 | 26,230.9 | 34,324.3 | 70,853.1 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (4,417.3) | 1,499.6 | (4,315.4) | (2,917.7) | (2,269.8) | (4,094.4) | (15,030.2) | (4,582.6) | 1,581.9 | (4,494.3) | (3,000.8) | (2,518.1) | (4,237.2) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | (4,417.3) | 1,499.6 | (4,315.4) | (2,917.7) | (2,269.8) | (4,094.4) | (15,030.2) | (4,582.6) | 1,581.9 | (4,494.3) | (3,000.8) | (2,518.1) | (4,237.2) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (4,417.3) | 1,499.6 | (4,315.4) | (2,917.7) | (2,269.8) | (4,094.4) | (15,030.2) | (4,582.6) | 1,581.9 | (4,494.3) | (3,000.8) | (2,518.1) | (4,237.2) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (4,475.4) | 1,504.4 | (4,284.5) | (2,971.0) | (2,239.1) | (4,042.4) | (15,031.3) | (4,635.5) | 1,586.3 | (4,461.0) | (3,049.3) | (2,485.6) | (4,183.8) |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] attributable to : | | | | | | | | | | | | | |
| | - Owners of the holding company | - | - | - | - | - | - | - | (4,632.1) | 1,587.5 | (4,456.7) | (3,044.6) | (2,481.0) | (4,174.7) |
| | - Non-controlling interests | - | - | - | - | - | - | - | (3.4) | (1.3) | (4.2) | (4.7) | (4.6) | (9.1) |
| 7 | Equity share capital | 12,816.9 | 7,934.1 | 6,841.4 | 12,816.9 | 6,841.4 | 7,834.1 | 6,018.5 | 12,816.9 | 7,934.1 | 6,841.4 | 12,816.9 | 6,841.4 | 7,834.1 |
| 8 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the year ended March 31, 2023 | - | - | - | - | - | (33,692.5) | (38,334.5) | - | - | - | - | - | (60,007.4) |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (not annualized) | | | | | | | | | | | | | |
| | a) Basic (Rs) | (5.21) | 1.90 | (6.89) | (3.57) | (3.70) | (6.17) | (24.97) | (5.41) | 2.01 | (7.18) | (3.67) | (3.10) | (6.39) |
| | b) Diluted (Rs) | (5.21) | 1.72 | (6.89) | (3.57) | (3.70) | (6.17) | (24.97) | (5.41) | 1.82 | (7.18) | (3.67) | (3.10) | (6.39) |

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and six months period ended 30 September 2024, filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and six months period ended 30 September 2024 are available on the Company's website www.spicejet.com and on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com.

For SpiceJet Limited
Sd/-
Ajay Singh
Chairman and Managing Director

Place: Gurugram, Haryana
Date: 25 February, 2025